संख्याः फिन–ए–डी(5)–1/2021
हिमाचल प्रदेश सरकार
वित्त (बजट) विभाग

प्रेषकः

प्रधान सचिव (वित्त),
हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला–171002.

प्रेषितः

1. समस्त प्रशासनिक सचिव, हिमाचल प्रदेश सरकार।
2. समस्त विभागाध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश।

दिनांक शिमला–171002, 25/08/2023

विषयः– **विभिन्न वित्त वर्षों में दत्तमत अनुदानों/प्रभारित विनियोगों से अधिक व्यय के नियमितिकरण के ज्ञापन पर लेखा परीक्षा द्वारा की गई टिप्पणी की अनुपालना बारे।**

महोदय,

उपरोक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्त वर्ष 2018–19, 2019–20 और 2020–21 में दत्तमत अनुदानों/प्रभारित विनियोगों पर अधिक व्यय के कारण विभागों से प्राप्त करने के उपरान्त माननीय लोक लेखा समिति के विचारार्थ भेजे जाने वाले ज्ञापनों में सम्मिलित करके महालेखाकार कार्यालय को विधीक्षा हेतु भेजे गए थे। इन ज्ञापनों की विधीक्षा के दौरान प्रधान महालेखाकार (लेखा परीक्षा) कार्यालय ने पाया कि कुछ मामलों में अधिक व्यय, दत्तमत व्यय को प्रभारित व्यय में तथा प्रभारित व्यय को दत्तमत व्यय में बुक करने के कारण हुआ है। इसी तरह कुछ मामलों में राजस्व व्यय को पूंजीगत व्यय में और पूंजीगत व्यय को राजस्व व्यय में बुक करने के कारण भी आधिक्य हो रहा है। व्यय व प्राप्तियों का गलत वर्गीकरण वित्तीय विवरणों की सत्यनिष्ठा पर गहरा प्रभाव डालता है। राजस्व प्रकृति के व्यय का पूंजीगत व्यय में अथवा पूंजीगत प्रकृति के व्यय का राजस्व व्यय में वर्गीकरण, राजस्व व्यय की अत्योक्ति/न्यूनोक्ति तथा राजस्व घाटा/अधिशेष में परिणत होता है। इससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि विभागों द्वारा लेखों का मिलान समय पर सुनियोजित प्रकार से नहीं किया जा रहा है।

अतः उक्त के दृष्टिगत आपसे अनुरोध है कि भविष्य में महालेखाकार कार्यालय में लेखों का मिलान (reconciliation) समय पर करवाना सुनिश्चित करने की कृपा

...जारी

करें ताकि व्यय का सही वर्गीकरण हो तथा अनावश्यक आधिक्य से बचा जा सके और वित्तीय विवरणों की सत्यनिष्ठा भी बनी रहे।

कृपया इन निर्देशों को अनुपालना सभी स्तरों पर सुनिश्चित की जाए।

भवदीय,

(प्रदीप कुमार)
उप सचिव (वित्त),
हिमाचल प्रदेश सरकार।

पृष्ठांकन संख्याः यथोपरि। दिनांक शिमला–171002, 25/08/2023

प्रतिलिपि वरिष्ठ लेखा परीक्षा अधिकारी (राज्य के वित्त), कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखा परीक्षा), हिमाचल प्रदेश, शिमला–171003 को सूचनार्थ प्रेषित है।

(प्रदीप कुमार)
उप सचिव (वित्त),
हिमाचल प्रदेश सरकार।